भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 3047
दिनांक 18 दिसंबर 2025

मीथेन निष्कर्षण के कार्य वाले कोल-बेड

†3047. डॉ. थोल तिरूमावलवनः

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास देश भर में ऐसे कोल-बेड का जहां मीथेन निष्कर्षण का काम चल रहा है की संख्या का ब्यौरा है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार के पास सार्वजनिक क्षेत्र और निजी क्षेत्र द्वारा संचालित मीथेन निष्कर्षण कोल-बेडों की संख्या का ब्यौरा है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) और (ख) वर्तमान में, देश भर में पंद्रह (15) परिचालनरत कोल-बेड मीथेन (सीबीएम) ब्लॉक हैं, जिनमें से 6 उत्पादन अवस्था में, 2 विकास अवस्था में और 7 अन्वेषण के तहत हैं। पंद्रह (15) प्रचालित सीबीएम ब्लॉकों में से, पाँच (05) सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा, नौ (09) निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा और एक (01) ब्लॉक सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की कंपनियों के बीच संयुक्त प्रचालक के तहत प्रचालित किए जा रहे हैं। इन सीबीएम ब्लॉकों के फील्ड की स्थिति और प्रचालक (सार्वजनिक क्षेत्र और निजी क्षेत्र की कंपनियों) का राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

*****

अनुलग्नक

'मीथेन निष्कर्षण के कार्य वाले कोल-बेड' के संबंध में डॉ. थोल तिरूमावलवन द्वारा दिनांक 18.12.2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3047 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

क्रम सं.	ब्लॉक	राज्य	सार्वजनिक क्षेत्र / निजी क्षेत्र	प्रचालक	फ़ील्ड स्थिति
1	रानीगंज (उत्तर)	पश्चिम बंगाल	सार्वजनिक क्षेत्र	ओएनजीसी	विकास
2	झरिया	झारखंड	सार्वजनिक क्षेत्र	ओएनजीसी	उत्पादन
3	बीके-सीबीएम-2001/1	झारखंड	सार्वजनिक क्षेत्र	ओएनजीसी	उत्पादन
4	बीपी-ओएनएचपी(सीबीएम)-2021/2	झारखंड	सार्वजनिक क्षेत्र	ओएनजीसी	अन्वेषण
5	एसआर-ओएनएचपी(सीबीएम)-2021/5	मध्य प्रदेश	सार्वजनिक क्षेत्र	ओएनजीसी	अन्वेषण
6	रानीगंज (दक्षिण)	पश्चिम बंगाल	निजी क्षेत्र	जीईईसीएल	उत्पादन
7	आरजी(पूर्व)-सीबीएम-2001/1	पश्चिम बंगाल	निजी क्षेत्र	ईओजीईपीएल	उत्पादन
8	एसपी(पूर्व)-सीबीएम-2001/1	मध्य प्रदेश	निजी क्षेत्र	आरआईएल	विकास
9	एसपी(पश्चिम)-सीबीएम-2001/1	मध्य प्रदेश	निजी क्षेत्र	आरआईएल	उत्पादन
10	एसपी-ओएनएचपी(सीबीएम)-2021/1	मध्य प्रदेश	निजी क्षेत्र	इन्वेनिरे पेट्रोडाइन	अन्वेषण
11	एसआर-ओएनएचपी(सीबीएम)-2021/6	छत्तीसगढ	निजी क्षेत्र	वेदांता	अन्वेषण
12	एसआर-ओएनएचपी(सीबीएम)-2022/4	मध्य प्रदेश	निजी क्षेत्र	ट्रांसकॉन्टिनेंटल नेचुरल रेस.लिमिटेड	अन्वेषण
13	एसआर-ओएनएचपी(सीबीएम)-2022/5	मध्य प्रदेश	निजी क्षेत्र	ट्रांसकॉन्टिनेंटल नेचुरल रेस.लिमिटेड	अन्वेषण
14	एसआर-ओएनएचपी(सीबीएम)-2022/6	छत्तीसगढ	निजी क्षेत्र	ऑयल मैक्स एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड	अन्वेषण
15	एनके-सीबीएम-2001/1	झारखंड	संयुक्त प्रचालक (सार्वजनिक और निजी)	ओएनजीसी और पीईपीएल	उत्पादन